# वैश्विक हलचल से सोने-चांदी में तेजी

**1.57 लाख पार पहुंचा सोना**

**3.34 लाख तक पहुंची चांदी**



**नई दिल्ली, 21 जनवरी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बुधवार को सोना पहली बार 1.57 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. सोना वायदा 7,132 रुपये (4.75 प्रतिशत) बढ़कर 1,57,697 बोला गया.**

वहीं, चांदी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया और 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची, जो 10,228 रुपये (3.16प्रतिशत) की तेजी दर्शाता है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड मुद्दे पर कार्रवाई और वैश्विक निवेशकों की सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ती रुचि ने सोने-चांदी की कीमतों को बढ़ावा दिया. सोने और चांदी की कीमतों में वैश्विक और घरेलू कारणों से तेज़ी देखने को मिली.

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना वायदा बुधवार को 7,132 रुपये की उछाल के साथ 1,57,697 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है.

इसी तरह चांदी ने भी पहली बार 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 10,228 रुपये (3.16प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज हुई.

### निवेशकों को सुरक्षित धातुओं की ओर आकर्षित किया

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड मुद्दे पर दिए गए बयानों ने निवेशकों को सुरक्षित धातुओं की ओर आकर्षित किया. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना वायदा 4,867 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो 2.12प्रतिशत की तेजी को दर्शाता है. चांदी भी 95.03 डॉलर प्रति औंस पर पहुंची, जिसमें 0.42प्रतिशत की वृद्धि हुई. विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी के कारण निवेशकों ने सुरक्षित संपत्ति की ओर रुख किया, जिससे सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई. यह लगातार तीसरी तेजी है, और भविष्य में भी निवेशक इस धातु पर नजर बनाए रख सकते हैं.


## रुपया सात पैसे टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई, 21 जनवरी.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया. यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है. इससे पहले, 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है. सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90.90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी. पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है. रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91.06 रुपये प्रति डॉलर तक गया.

# पश्चिम रेलवे कवच सुरक्षा कार्य को मिलेगी रफ्तार

**पश्चिम रेलवे में कवच सिस्टम पर 483 करोड़ प्रस्तावित**

**अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा मजबूत**



**नई दिल्ली, 21 जनवरी. रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा उन्नत तकनीकों को अपनाने की दिशा में, माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में, भारतीय रेल की अम्ब्रेला वर्क 2024-25 के अंतर्गत पश्चिम रेलवे पर कवच ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु दो महत्वपूर्ण मदवार कार्य प्रस्तावित किए गए हैं.**

विचाराधीन इस प्रस्ताव की कुल अनुमानित लागत 483.65 करोड़ है, जिसमें निम्नलिखित कार्य शामिल हैं— इस महत्वपूर्ण खंड पर कवच प्रणाली की स्थापना हेतु 109.83 करोड़ की लागत प्रस्तावित की गई है, जिससे परिचालन सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी.

कवच प्रणाली के सुचारु एवं प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम रेलवे के 436 मौजूदा इंजनों में आवश्यक संशोधन, उन्नयन एवं प्रोग्रामिंग हेतु 373.82 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है.

ये दोनों कार्य भारतीय रेल की व्यापक अम्ब्रेला परियोजना भारतीय रेल के शेष मार्गों पर दीर्घकालिक विकास संचार बैकबोन के साथ कवच की व्यवस्था (अम्ब्रेला वर्क 2024-25) का हिस्सा हैं, जिसे कार्य, मशीनरी एवं रोलिंग स्टॉक कार्यक्रम 2024-25 के अंतर्गत 27,693 करोड़ (पीएच) की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है. इस अम्ब्रेला परियोजना के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के लिए 2,800 करोड़ की उप-अम्ब्रेला राशि स्वीकृत की गई है. प्रस्तावित पहलें भारतीय रेल की रेल संरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने तथा आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों के तीव्र कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन एवं दृष्टिकोण के अनुरूप है.

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन टूटा




**मुंबई, 21 जनवरी. ग्रीनलैंड को लेकर जारी वैश्विक अनिश्चितता के बीच शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया.**

घरेलू स्तर पर रुपये पर जारी दबाव का असर भी देखा जा रहा है. रुपया फिलहाल मंगलवार के मुकाबले 74 पैसे नीचे 91.71 रुपये प्रति डॉलर पर है. भारतीय मुद्रा पहली बार इस स्तर तक टूटी है. सेंसेक्स सुबह 386 अंक नीचे खुला. यह दोपहर से पहले 81,124.45 अंक तक उतरने के बाद दोपहर बाद 82,407.05 अंक तक चढ़ा. इस प्रकार सूचकांक ने एक ही दिन में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा. अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 270.84 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 81,909.63 अंक पर बंद हुआ जो 08 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है. इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 1,066 अंक गिरा था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक एक समय 312 अंक तक टूटने के बाद अंत में 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 25,157.50 अंक पर बंद हुआ.

यह सूचकांक का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है. मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.10 अंक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 अंक लुढ़क गया.

# दीपिंदर गोयल ने छोड़ा सीईओ पद



**नई दिल्ली, 21 जनवरी. भारतीय कॉर्पोरेट जगत में बुधवार को एक बड़ा और अहम नेतृत्व परिवर्तन देखने को मिला, जब एटर्नल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपिंदर गोयल ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की. यह जानकारी खुद गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की.**

उन्होंने स्पष्ट किया कि शेयरधारकों की मंजूरी के बाद वे कंपनी के बोर्ड में वाइस चेयरमैन की भूमिका निभाते रहेंगे, जबकि अलबिंदर ढींडसा एटर्नल ग्रुप के नए सीईओ होंगे. यह बदलाव ऐसे समय में सामने आया है, जब एटर्नल ग्रुप—जिसका हिस्सा जोमैटो और ब्लिंकिट जैसी बड़ी कंपनियां हैं—तेजी से विस्तार और रणनीतिक पुनर्गठन के दौर से गुजर रहा है. गोयल का यह फैसला केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि कंपनी को अगले स्तर पर ले जाने की सोच का हिस्सा माना जा रहा है. दीपिंदर गोयल को जोमैटो के संस्थापक और विजनरी लीडर के तौर पर जाना जाता है.

उन्होंने एक छोटी मेन्यू-स्कैनिंग कंपनी को भारत के सबसे बड़े फूड और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में बदल दिया. अब जब उन्होंने सीईओ पद छोड़ा है, तो निवेशकों, कर्मचारियों और बाजार की नजर इस बात पर है कि एटर्नल ग्रुप की आगे की दिशा कैसी होगी. गोयल ने यह भी स्वीकार किया कि भारत में किसी पब्लिक कंपनी के सीईओ पर कानूनी, नियामकीय और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भारी दबाव होता है, जिसके लिए पूरी एकाग्रता जरूरी होती है. यही कारण है कि उन्होंने सीईओ पद छोड़ने का निर्णय लिया.

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **10.02.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 9860341394 ) e-mail id : cb0360@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0000360 | | | |
| ऋणी-**श्रीमती अनारी बाई पत्नि श्री हल्कू राम** जमानतदार-श्रीमती लीलाबाई पत्नि श्री लालाराम | ₹ 8,75,080.00 दिनांक 27.11.2016 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | **रिहायशी फ्लैट नं. टी.एफ. 35, तृतीय तल, रायल सिटी पार्क, कौशल्या, ब्लाक-बी, ग्राम-मंडीदीप, वार्ड नं. 17, तहसील गौहरगंज, जिला- रायसेन** संपत्ति मालिक - श्रीमती अनारी बाई पत्नि श्री हल्कूराम पिलिन्थ एरिया- 690 वर्गफिट, कारपेट एरिया- 621 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- कालोनी रोड, पश्चिम- कॉमन कॉरिडोर उत्तर-फ्लैट नं. टीएफ-36, दक्षिण- फ्लैट नं. टीएफ-34 | ₹ 5,68,000/- / ₹ 56,800/- / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 10-02-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 10-02-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः **21-01-2026** प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चावल, चीनी, दालों में तेजी खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 21 जनवरी.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा. चीनी और दालों के दाम भी बढ़े. खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा. आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी. दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा. तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी. उड़द दाल 22 रुपये मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई. चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई. विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया. अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया.

# आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली, 21 जनवरी. इस्पात और बिजली क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से देश के आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर 3.7 प्रतिशत बढ़ गया. यह अगस्त 2025 के बाद प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में चार महीने में सबसे तेज बढ़ोतरी है.**

इससे पहले, नवंबर 2025 में प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 2.1 प्रतिशत और दिसंबर 2024 में 5.1 प्रतिशत बढ़ा था. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ उद्योगों में से तीन के उत्पादन में गत दिसंबर में गिरावट दर्ज की गयी जबकि अन्य पांच उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि हुई है. इस्पात उद्योग का उत्पादन 6.9 प्रतिशत और बिजली का 5.3 प्रतिशत बढ़ा है. सीमेंट का उत्पादन 13.5 प्रतिशत और उर्वरकों का 4.1 प्रतिशत बढ़ा है. कोयले के उत्पादन में 3.6 फीसदी की वृद्धि देखी गयी. कोर उद्योगों के उत्पादन में 28 प्रतिशत से अधिक का भारांश रखने वाले रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी. कच्चे तेल का उत्पादन 5.6 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 4.4 प्रतिशत घट गया. चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 2.6 प्रतिशत बढ़ा है.

**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone,
Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ETENDER /26/06 20-1-2026 2026_DTCP _477035 1 | STONE CLADDING WORK & ELECTICAL WORK AT FACILITY CENTRE-3, MAHAKAL MANDIR PARISAR | 180 Days 3,41,03,199/- | 17700/- 341031/- | 10/02/2026 17:30PM |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain

## कार्यालय नगर पालिक निगम, बुरहानपुर

निविदा क्रः- स्वास्थ विभाग / 2026 / बुरहानपुर दिनांक :- 19/01/2026

**:: निविदा सूचना ::**

नगर पालिका निगम, बुरहानपुर द्वारा ऑनलाईन http://www.mpetenders.gov.in के माध्यम से पंजीकृत ठेकेदारों से दरें आमंत्रित कि जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा नं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | अमानत राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_476694_1 | Supply of Marking Chuna | 5,00,000/- | 5,000/- | 06.02.2026 |
| 2 | 2026_UAD_476716_1 | Supply of 4 wheel kachara hath gadi | 7,00,000/- | 7,000/- | 06.02.2026 |
| 3 | 2026_UAD_476896_1 | Supply of Extruder Machine | 16,00,000/- | 12,000/- | 21.02.2026 |
| 4 | 2026_UAD_476905_1 | Support for organizing social campaigns, mass & community mobilization and sensitization on various aspects of swachh bharat mission (SBM) | 90,00.000/- | 67.500/- | 21.02.2026 |

कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

सहा. आयुक्त
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर

## स्पाइसजेट अहमदाबाद से शारजांह के लिए शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली, 21 जनवरी.** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट अगले महीने गुजरात के अहमदाबाद से शारजांह के लिए उड़ान शुरू करेगी. एयरलाइंस ने बताया कि नयी उड़ान मंगलवार और बुधवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन उपलब्ध रहेगी. इस नॉन स्टॉप सेवा की शुरुआत 05 फरवरी से होगी. इसके लिए बुकिंग शुरू हो गयी है. कहा गया है कि इस नयी उड़ान से संयुक्त अरब अमीरातऔर भारत के बीच हवाई संपर्क बढ़ेगा. दुबई के बाद यूएई में यह उसका दूसरा गंतव्य होगा. स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा कि यूएई की सांस्कृतिक राजधानी और एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्र के रूप में शारजांह एयरलाइंस के नेटवर्क से जुड़ने वाला एक महत्वपूर्ण शहर है.

No. Election/Desk-5/WS No. 25/2026
Date: 21/01/2026

**अर्पिणा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर**
**निवडणूक सुचना (Notice of Election)**
(निवडणूक कार्यक्रम - 2026)

Govt. of India Ministry of Cooperation Office of Co-operative Election Authority Delhi Ordered No. CEA-12011/425/2025 Dt. 18 Nov. 2025 चे निवडणूक कार्यक्रमानुसार दि. २४.०१.२०२६ रोजी अर्पिणा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर या संस्थेच्या निवडणूकी करीता अंतिम मतदार यादीची (Final List of Members/Delegates) प्रसिध्दी सदर संस्थेच्या मुख्य कार्यालयाच्या नोटीसबोर्डवर, शाखे निहाय नोटीस बोर्डावर तसेच शाखेच्या Website (www.arpinamscs.com) वर करण्यात आलेली आहे.

Govt. of India Ministry of Cooperation Office of Co-operative Election Authority, Delhi यांनी निर्धारीत करुन दिलेल्या दि. 18 Nov. 2025 चे निवडणूक कार्यक्रमानुसार संचालक सदस्यांच्या निवडणूकी करीता नामनिर्देशन पत्र भरण्याची तारीख दि. 27.01.2026 ते 31.01.2026 असुन निवडणूकीचा सविस्तर कार्यक्रम व अंतिम मतदार यादी संस्थेच्या नोटीस बोर्डवर व www.arpinamscs.com या वेबसाईट वर प्रसिध्द करण्यात आलेला आहे.

तरी निवडणूक लढविणा-या इच्छुक उमेदवारांनी सदर वेबसाइट वर किंवा सदर संस्थेच्या मुख्य कार्यालयाचे नोटीस बोर्डावर उपलब्ध करुन दिलेला निवडणूक कार्यक्रम बघावा.

**(डॉ. विपीन ईटनकर)**
निवडणूक निर्णय अधिकारी
अर्पिणा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर
र.न. MSCS/CR/१६४२/२०२५ तथा जिल्हाधिकारी, नागपूर

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

Coal India

क्रमांकः एस.ई.सी.एल./सो.क्षे./उ.क्षे.प्र./खैरहा/2025/490 **सूचना** दिनांक 17.12.2025

एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम **खन्नाथ**, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं –

| क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016-17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | अर्जित रकवा (हे.) | धारा 9 (1) अधिसूचना के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1(A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | अर्जित रकवा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकवा (हे.) | कुल अर्जित रकवा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1(A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय भूमि स्वामी का नाम | टिप्पडी | रोजगार प्राप्त करते समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित भूमि आश्रित का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | भूमि आश्रित का दस्तावेजों में नाम: आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास प्रमाण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1137(p) | 0.413 | 0.075 | सीताशरण, नरेन्द्र, चमेली, अगसिया, उमनबाई पिता हेतराम बोध प्रसाद मनोहर पिता पडसू | 299 | 1137 | 0.413 | 0.075 | 0.413 | 0.075 | सीताशरण, नरेन्द्र, चमेली, अगसिया, उमनबाई पिता हेतराम बोध प्रसाद मनोहर पिता पडसू | हिरिया मनोहर पटेल, कुन्ताली मनोहर पटेल, सुहावन मनोहर पटेल, शीला मनोहर पटेल, कान्तिबाई मनोहर पटेल, सुन्दरिया मनोहर पटेल, सीताशरण हेतराम नरेन्द्र हेतराम, चमेलिया हेतराम, दानवती हेतराम, ऊमनबाई हेतराम, बोधप्रसाद पडसू | 1 - (न्यायालय तहसीलदार बुढ़ार के प्रकरण क्रमांक 0236/अ-6/2023-24 दिनांक 15/12/2023 के अनुसार मनोहर के बजाये उनके विधिक वारिसो के नाम वरिसाना नामान्तरण किया जाता है एवं मृतक भूमिस्वामी मनोहर पिता पडसू का नाम विलोपित किया जाता शेष खातेदार यथावत हैं) 2- (अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. के प्र.क्र. 060/अ-6(अ)/ 2023-24 आदेश दिनांक 20/09/2023 के अनुसार रिकार्ड सुधार) | हिरिया बेवा मनोहर पटेल, कुन्ताली पिता मनोहर पटेल, सुहावन पिता मनोहर पटेल, शीला पिता मनोहर पटेल, कान्तिबाई पिता मनोहर पटेल, सुन्दरिया पिता मनोहर पटेल, सीताशरण पिता हेतराम, नरेन्द्र पिता हेतराम, चमेलिया पिता हेतराम, दानवती पिता हेतराम, ऊमनबाई पिता हेतराम, बोधप्रसाद पिता पडसू | धीरज कुमार पटेल पिता नत्थूलाल पटेल, संबंध – पोता जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | धीरज कुमार पटेल | Dheeraj Kumar Patel | धीरज पिता नत्थूलाल पटेल | धीरज कुमार पटेल पिता नत्थूलाल पटेल | DHEERAJ KUMAR PATEL S/O NATTHU LAL PATEL | DHEERAJ KUMAR PATEL S/O NATTHU LAL PATEL |
| 2 | 221/1 392/1 | 0.664 0.093 | 0.664 0.093 | रावेन्द्र पिता रामखेलावन | 254 | 221/1 392/1 | 0.664 0.093 | 0.664 0.093 | 0.757 | 0.757 | रावेन्द्र पिता रामखेलावन | रावेन्द्र पिता रामखेलावन | NA | रावेन्द्र पिता रामखेलावन | NA | | | | | | |
| कुल किता 3 | | 1.170 | 0.832 | | कुल किता 3 | | 1.170 | 0.832 | 1.170 | 0.832 | | | | | | | | | | | |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा–खैरहा उपक्षेत्र/महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रुप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी।

**उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्रा खैरहा उपक्षेत्र**